# 1 राजस्थान : एक सामान्य परिचय

1. राजस्थान के इस भूभाग के लिए 'राजपूताना' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोगकर्ता कौन है?
(1) मूहणौत नैणसी (2) कर्नल जेम्स टॉड
(3) जॉर्ज थॉमस (4) विलियम फ्रेन्कलिन (3)

**व्याख्या–** विलियम फ्रेंकलिन ने 1805 ई. में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'मिल्ट्री मेमोयर्स ऑफ मिस्टर जॉर्ज थॉमस' में लिखा है कि जॉर्ज थॉमस वह पहला व्यक्ति था, जिसने स्वतंत्र रूप से राजपूताना शब्द का प्रयोग इस भूभाग के लिए किया।

2. राजस्थान के इस भूभाग के लिए 'राजस्थान' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोगकर्ता कौन है ?
(1) अबुल फजल (2) कर्नल जेम्स टॉड
(3) जॉर्ज थॉमस (4) विलियम फ्रेन्कलिन (2)

**व्याख्या–** कर्नल जेम्स टॉड ने अपनी पुस्तक 'द एनाल्स एंड एंटिक्विटिज ऑफ राजस्थान' (प्रकाशन 1829 ई.) में इस भू–भाग के लिए 'राजस्थान' शब्द का प्रयोग किया है।

3. राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा का कितना प्रतिशत भाग रेडक्लिफ रेखा के रूप में है ?
(1) 32.32% (2) 5.67%
(3) 18.07% (4) 24.67% (3)

**व्याख्या–** राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा 5920 किमी है, जिसमें से 1070 किमी पाकिस्तान को स्पर्श करती है, जो कुल स्थलीय सीमा का 18.07% होता है।

4. राजस्थान की दक्षिणी पश्चिमी सीमा किस राज्य से मिलती है?
(1) गुजरात (2) मध्यप्रदेश
(3) पंजाब (4) हरियाणा (1)

5. राजस्थान के 4 सीमावर्ती जिलों की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की लम्बाई का सही अवरोही क्रम है ?
(1) गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर
(2) बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर
(3) जैसलमेर, बाड़मेर, गंगानगर, बीकानेर
(4) जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, गंगानगर (3)

**व्याख्या–** जैसलमेर (464 किमी), बाड़मेर (228 किमी), गंगानगर (210 किमी), बीकानेर (168 किमी)

6. राजस्थान के किस जिले का आकार राजस्थान के आकार से मिलता जुलता है ?
(1) भरतपुर (2) दौसा
(3) टोंक (4) अलवर (3)

7. राजस्थान में संभागीय व्यवस्था किस मुख्यमंत्री के समय पुनः प्रारम्भ की गई थी ?
(1) मोहनलाल सुखाड़िया (2) शिवचरण माथुर
(3) वसुन्धरा राजे (4) हरिदेव जोशी (4)

**व्याख्या–** राजस्थान में 26 जनवरी, 1987 को मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी के समय संभागीय व्यवस्था को पुनःप्रारम्भ किया गया था।

8. राजस्थान में सर्वप्रथम सूर्यास्त किस जिले में होता है ?
(1) जैसलमेर (2) धौलपुर
(3) गंगानगर (4) बाड़मेर (2)

9. राजस्थान के किस जिले में 21 जून को सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं?
(1) जैसलमेर (2) बाँसवाड़ा
(3) गंगानगर (4) बाड़मेर (2)

10. राजस्थान का वह जिला जो गुजरात व मध्यप्रदेश दोनों से सीमा बनाता है?
(1) चितौड़गढ़ (2) बाँसवाड़ा
(3) डूँगरपुर (4) झालावाड़ (2)

11. राजस्थान के किस जिले का आकार गिलहरी के आकार का है ?
(1) अलवर (2) राजसमंद (3) जयपुर (4) भरतपुर (4)

12. राजस्थान के किस जिले का आकार लगभग आयताकार है ?
(1) अलवर (2) राजसमंद
(3) जयपुर (4) नागौर (1)

**व्याख्या–** राजस्थान के 2 जिलों (अलवर व भीलवाड़ा) का आकार लगभग आयताकार है।

13. राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा है –
(1) 4850 किमी. (2) 5920 कि.मी.
(3) 6720 किमी. (4) 6920 किमी (2)

14. 7वें संभाग भरतपुर में निम्न में से कौन सा जिला नहीं है?
(1) सवाईमाधोपुर (2) करौली (3) अलवर (4) धौलपुर (3)

**व्याख्या–** अलवर जिला जयपुर संभाग में आता है।

15. राजस्थान के पड़ौसी राज्यों का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम है–
(1) पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, गुजरात
(2) पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात
(3) हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात
(4) पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात (4)

16. राजस्थान का 27वाँ जिला धौलपुर कब बना?
(1) 10 अप्रैल, 1991 (2) 15 अप्रैल, 1982
(3) 13 अप्रैल, 1980 (4) 15 अप्रैल, 1984 (2)

17. पाकिस्तान सीमा के सर्वाधिक निकट नगर है?
(1) जैसलमेर (2) बाड़मेर
(3) गंगानगर (4) जोधपुर (3)

18. राजस्थान के पड़ौसी राज्य हैं?
(1) 4 (2) 5
(3) 6 (4) 7 (2)

**व्याख्या–** राजस्थान के पड़ौसी राज्य– पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात।

19. राजस्थान के कितने जिलों की अन्तर्राष्ट्रीय व अन्तर्राज्यीय दोनों ही प्रकार की सीमाएँ है?
(1) 4 (2) 2
(3) 6 (4) 1 (2)

**व्याख्या–** राजस्थान के 2 जिले (गंगानगर व बाड़मेर) ऐसे हैं, जो अन्तर्राष्ट्रीय के साथ अन्तर्राज्यीय सीमा भी बनाते हैं।

Dhindhwal Publication — Learn Read and Achieve

20. कर्क रेखा राजस्थान के कितने जिलों में से होकर गुजरती है?
(1) 5 (2) 3
(3) 1 (4) 2 (4)

व्याख्या– कर्क रेखा राजस्थान के डूँगरपुर व बाँसवाड़ा जिले से होकर गुजरती है।

21. असंगत छांटिये –
(1) बारां– 10 अप्रैल 1991
(2) हनुमानगढ़– 12 जुलाई 1992
(3) करौली–19 जुलाई 1997
(4) धौलपुर– 15 अप्रैल 1982 (2)

व्याख्या– हनुमानगढ़ जिले का निर्माण 12 जुलाई, 1994 को किया गया था।

22. राजस्थान की मध्यवर्ती अक्षांश रेखा है
(1) 23°03 उत्तरी अक्षांश रेखा (2) 30°12 उत्तरी अक्षांश रेखा
(3) 27° उत्तरी अक्षांश रेखा (4) 24° उत्तरी अक्षांश रेखा (3)

23. राजस्थान के किस शिलालेख में 'राजस्थानीयादित्य' शब्द का प्रयोग मिलता है
(1) बिजोलिया शिलालेख (2) बडली का शिलालेख
(3) बसंतगढ शिलालेख (4) हर्षनाथ शिलालेख (3)

व्याख्या– यह शिलालेख सिरोही के बसंतगढ़ में खीमल माता मंदिर में लगा है, यह शिलालेख 625 ई. का है, जो चावड़ा वंश के शासक वर्मलात के समय का है।

24. राजस्थान में कर्क रेखा वाले क्षेत्रों में किस दिनांक को 'नो शैडो जोन' बनता है
(1) 22 दिसम्बर (2) 23 सितम्बर
(3) 21 जून (4) 21 मार्च (3)

व्याख्या– 21 जून को कर्क रेखा पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ती है। दोपहर के वक्त कर्क रेखा के क्षेत्र में परछाई नहीं बनती है। इसलिए यह क्षेत्र नो शैडो जोन कहलाता है।

25. राजस्थान के कुल कितने जिले केवल अन्तर्राज्यीय सीमा बनाते हैं?
(1) 23 (2) 24
(3) 25 (4) 21 (4)

व्याख्या– राजस्थान के 25 जिले सीमावर्ती हैं, उपरोक्त प्रश्न में केवल अन्तर्राज्यीय सीमा वाले जिले पूछे गये हैं, इसलिए पाकिस्तान को स्पर्श करने वाले 4 जिले इसमें शामिल नहीं होंगे।

26. किस जिले की आकृति त्रिभुज के समान है?
(1) राजसमंद (2) डूँगरपुर
(3) अजमेर (4) सीकर (3)

27. पाकिस्तान का कौनसा जिला राजस्थान को स्पर्श नहीं करता है?
(1) खैरपुर (2) मीरपुर
(3) संघर (4) उमरकोट (2)

व्याख्या– पाकिस्तान के 2 प्रांत व 9 जिले राजस्थान को स्पर्श करते हैं। जो गंगानगर से लेकर बाड़मेर जिले तक उत्तर से दक्षिण की ओर क्रमशः इस प्रकार हैं– बहावलनगर, बहावलपुर, रहीमयारखान, घोटकी, सुक्कुर, खैरपुर, संघर, उमरकोट, थारपारकर।

28. राजस्थान के कुल कितने जिले अन्तर्राज्यीय व अन्तर्राष्ट्रीय सीमा में से कोई एक बनाते हैं?
(1) 25 (2) 24
(3) 23 (4) 21 (3)

29. भूमध्य रेखा पर दो देशान्तर रेखाओं के मध्य लगभग कितनी दूरी होती है?
(1) 91 किमी. (2) 111 किमी.
(3) 121 किमी. (4) 110 किमी. (2)

30. राजस्थान इजराइल से लगभग कितने गुना बड़ा है?
(1) 16.5 गुना (2) 3 गुना
(3) 24 गुना (4) 9 गुना (1)

31. 180° देशान्तरों को पार करने में सूर्य को कितना समय लगता है?
(1) 24 घंटे (2) 36 घंटे
(3) 12 घंटे (4) 4 घण्टे (3)

32. राजस्थान के निम्न में से किस जिले पर सूर्य की किरणें सबसे कम तिरछी पड़ती है?
(1) गंगानगर (2) उदयपुर
(3) डूँगरपुर (4) अजमेर (3)

33. क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्य का सबसे बड़ा व सबसे छोटा जिला है–
(1) जैसलमेर, दौसा (2) जैसलमेर, सिरोही
(3) जैसलमेर, धौलपुर (4) जयपुर, जैसलमेर (3)

34. राजस्थान का कौनसा जिला राजस्थान के क्षेत्रफल व जनसंख्या में लगभग समान हिस्सेदारी रखता है?
(1) अजमेर (2) टोंक
(3) जालौर (4) सिरोही (4)

व्याख्या– सिरोही जिला राजस्थान के क्षेत्रफल में 1.50 प्रतिशत व राजस्थान की जनसंख्या में 1.51 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है।

35. राजस्थान के नवीनतम जिले प्रतापगढ़ का निर्माण किस कमेटी की सिफारिश पर किया गया था?
(1) परमेशचन्द्र कमेटी (2) जी.एस. सन्धू कमेटी
(3) भनोत कमेटी (4) एस.पी. सिंह कमेटी (1)

36. राजस्थान के नवीनतम जिले प्रतापगढ़ में कौनसी तहसील शामिल नहीं है?
(1) अरनोद (2) पीपलखूंट
(3) धरियावद (4) बड़ी सादड़ी (4)

व्याख्या– बड़ी सादड़ी चित्तौड़गढ़ में है, छोटी सादड़ी प्रतापगढ़ में है। सादड़ी नामक कस्बा पाली में है।

37. राजस्थान का जनसंख्या की दृष्टि से सबसे छोटा संभाग है?
(1) भरतपुर (2) उदयपुर
(3) कोटा (4) अजमेर (3)

38. राजस्थान के पांच सबसे बड़े जिलों का क्षेत्रफल की दृष्टि से सही अवरोही क्रम है?
(1) जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, जोधपुर, नागौर
(2) जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर, जोधपुर, नागौर
(3) जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर, नागौर, जोधपुर
(4) जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर, नागौर (2)

39. राजस्थान के सीमावर्ती राज्यों का निम्न में से वह जिला कौनसा है जो सीधे राजस्थान को नहीं छूता–
(1) महेन्द्रगढ़ (2) सिरसा
(3) भुज (4) फतेहाबाद (3)

40. निम्न में कौनसा जिला अन्तर्राज्यीय सीमा पर नहीं है?
(1) दौसा (2) भरतपुर
(3) अलवर (4) भीलवाड़ा (1)

41. मध्यप्रदेश के साथ सबसे कम सीमा बनाने वाला जिला है–
(1) राजसमंद (2) धौलपुर
(3) भीलवाड़ा (4) कोटा (3)

42. कर्क रेखा की राजस्थान में लम्बाई है ?
(1) 62 किमी (2) 27 किमी
(3) 26 किमी (4) 58 किमी (3)

43. राजस्थान के बारे में निम्नांकित कथनों में से कौनसा एक सही नहीं है–
(1) उत्तर–दक्षिण की अपेक्षा पूर्व–पश्चिम विस्तार अधिक है।
(2) इसका देशान्तरीय विस्तार 9 देशान्तरों से अधिक है।
(3) इसकी कुल स्थलीय सीमा 6000 किमी. से कम है।
(4) इसका अक्षांशीय विस्तार $7^{o}$ अक्षांश से अधिक है। (2)

**व्याख्या–** राजस्थान $8^{o}47$ देशान्तरों में फैला है, राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा 5920 किमी है।

44. राजस्थान का क्षेत्रफल निम्नलिखित यूरोपीय देशों में से किनके क्षेत्रफल के लगभग बराबर है–
(अ) नार्वे (ब) बेल्जियम
(स) स्विट्जरलैण्ड (द) पोलैण्ड
(1) (अ) व (ब) सही है। (2) (अ) व (द) सही है।
(3) (अ), (ब) व (स) सही है। (4) सभी सही है। (2)

**व्याख्या–** नार्वे का क्षेत्रफल 3.85 लाख वर्गकिमी. है, पोलैण्ड का क्षेत्रफल 3.12 लाख वर्गकिमी. है जो राजस्थान के क्षेत्रफल 3.42 लाख वर्ग किमी. के लगभग बराबर है।

45. जैसलमेर, राजस्थान के सबसे छोटे जिले धौलपुर से कितना बड़ा है–
(1) 8 गुणा (2) 12.66 गुणा
(3) 16.12 गुणा (4) 2.66 गुणा (2)

**व्याख्या–** जैसलमेर का क्षेत्रफल 38,401 वर्गकिमी. है, जो धौलपुर के क्षेत्रफल (3034 वर्ग किमी.) का 12.66 गुणा है।

46. राजस्थान की पूर्व से पश्चिम चौड़ाई और उत्तर से दक्षिण लम्बाई में अन्तर है–
(1) 43 किमी. (2) 66 किमी.
(3) 76 किमी. (4) 22 किमी. (1)

**व्याख्या–** राजस्थान की उत्तर से दक्षिण लम्बाई 826 किमी. है, पूर्व से पश्चिम चौड़ाई 869 किमी. है। इन दोनों में 43 किमी. का अन्तर है।

47. राजस्थान का भौगोलिक क्षेत्रफल निम्न में से लगभग किसके बराबर है–
(1) कनाडा (2) जर्मनी
(3) फ्रांस (4) ऑस्ट्रेलिया (2)

**व्याख्या–** जर्मनी का क्षेत्रफल 3.57 लाख वर्गकिमी है, जो राजस्थान के क्षेत्रफल के क्षेत्रफल 3.42 लाख के लगभग निकट है।

48. राजस्थान राज्य का कुल क्षेत्रफल है लगभग–
(1) 3 लाख 42 हजार वर्ग मील.
(2) 1 लाख 32 हजार 140 वर्ग मील
(3) 2 लाख 32 हजार 140 वर्ग मील
(4) 4 लाख 32 हजार वर्ग मील (2)

**व्याख्या–** इस प्रश्न में ध्यान रहे राजस्थान का क्षेत्रफल वर्गमील में पूछा गया है। प्रत्येक क्षेत्रफल को वर्गमील और वर्गकिमी में अलग–अलग याद नहीं किया जा सकता, इसलिए क्षेत्रफल के आँकड़े वर्गकिमी में याद रखो और उसे वर्गमील में बदलने का फॉर्मुला याद कर लो।

49. राजस्थान के किस जिले का आकार कुछ–कुछ अर्द्धचंद्र अथवा प्याले जैसा है–
(1) जयपुर (2) सीकर
(3) पाली (4) उदयपुर (2)

50. निम्नलिखित में से कौनसा जिला राजस्थान–मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित नहीं है –
(1) प्रतापगढ़ (2) झालावाड़
(3) बाँसवाड़ा (4) उदयपुर (4)

51. सिरोही के बसंतगढ़ शिलालेख में राजस्थान के नाम से मिलते जुलते कौनसे शब्द का उल्लेख है–
(1) रायथान (2) रजवाड़ा
(3) राजस्थानायादित्य (4) राजगृह (3)

52. निम्न में से किस पुस्तक में 'राजस्थान' शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख मिलता है–
(1) मुहणौत नैणसी री ख्यात (2) राजरूपक
(3) द ट्रेवल्स इन वैस्टर्न इण्डिया (4) प्रबन्ध कोष (1)

**व्याख्या–** मुहणौत नैणसी री ख्यात के अलावा राजरूपक पुस्तक में भी राजस्थान शब्द का प्रयोग हुआ है। मुहणौत नैणसी री ख्यात का रचनाकाल लगभग 1665 ई. है। राजरूपक (लेखक–वीरभान) का रचनाकाल लगभग 1731 ई. है।

53. राजस्थान की मध्यवर्ती देशान्तर रेखा है–
(1) $27^{o}$ पूर्वी देशान्तर रेखा (2) $67^{o}$ पूर्वी देशान्तर रेखा
(3) $74^{o}$ पूर्वी देशान्तर रेखा (4) $76^{o}$ पूर्वी देशान्तर रेखा (3)

54. राजस्थान के सबसे पूर्वी स्थान के सूर्योदय व राजस्थान के सबसे पश्चिमी स्थान के सूर्योदय में कितना अन्तर रहता है–
(1) 35 मिनट 8 सैकण्ड (2) 24 मिनट 5 सैकण्ड
(3) 20 मिनट 10 सैकण्ड (4) 42 मिनट 35 सैकण्ड (1)

**व्याख्या–** $1^{o}$ देशान्तर को पार करने में सूर्य को 4 मिनट का समय लगता है। राजस्थान $8^{o}$ 47 देशान्तरों के मध्य फैला है, इसलिए $8^{o}$ 47 x 4 = 35 मिनट 8 सैकंड।

55. राजस्थान में सबसे बाद में सूर्यास्त किस जिले में होता है–
(1) गंगानगर (2) धौलपुर
(3) बाँसवाड़ा (4) जैसलमेर (4)

**व्याख्या–** राजस्थान में सबसे बाद में सूर्योदय जैसलमेर(कटरा) में होता है।

56. अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है–
(1) 21 अगस्त (2) 21 जून
(3) 21 मार्च (4) 21 मई (2)

**व्याख्या–** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 की थीम– 'मानवता की लिए योगा' रखी गई थी।

57. पाकिस्तान को स्पर्श करने वाले राजस्थान के जिलों का उनकी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की लम्बाई के अनुसार सही आरोही क्रम है–
(1) बीकानेर, गंगानगर, बाड़मेर, जैसलमेर
(2) बीकानेर, बाड़मेर, गंगानगर, जैसलमेर
(3) जैसलमेर, बाड़मेर, गंगानगर, बीकानेर
(4) जैसलमेर, गंगानगर, बाड़मेर, बीकानेर (1)

58. पाकिस्तान के कितने जिले राजस्थान को स्पर्श करते हैं–
(1) 9 (2) 8
(3) 7 (4) 6 (1)

59. निम्न में से पाकिस्तान का कौनसा जिला राजस्थान को स्पर्श नहीं करता है–
(1) घोटकी (2) उमरकोट
(3) कराची (4) थारपारकर (3)

**व्याख्या–** पाकिस्तान के वह जिले जो राजस्थान की सीमा को स्पर्श करते है– बहावलनगर, बहावलपुर, रहीमयार खान, घोटकी, सुक्कुर, खैरपुर, संघर, उमरकोट, थारपारकर।

60. राजस्थान के अन्तर्राज्यीय सीमा बनाने वाले सभी जिलों में न्यूनतम सीमा बनाने वाला जिला है–
(1) सीकर (2) जयपुर
(3) कोटा (4) बाड़मेर (4)

61. जैसलमेर जिले का क्षेत्रफल है–
(1) 38401 किमी. (2) 36401 किमी.
(3) 34401 किमी. (4) 32401 किमी. (1)

62. राजस्थान के क्षेत्रफल की दृष्टि से 5 सबसे छोटे जिलों का उनके क्षेत्रफल के अनुसार सही आरोही क्रम है–
(1) धौलपुर, दौसा, डूँगरपुर, प्रतापगढ़, राजसमंद
(2) धौलपुर, दौसा, डूँगरपुर, राजसमंद, प्रतापगढ़
(3) दौसा, धौलपुर, डूँगरपुर, प्रतापगढ़, राजसमंद
(4) राजसमंद, प्रतापगढ़, डूँगरपुर, दौसा, धौलपुर (1)

63. राजस्थान के मानचित्र पर निम्न में से कौनसा स्थान सुदूर उत्तर में है–
(1) फलौदी (2) नोखा
(3) लूणकरनसर (4) रतनगढ़ (3)

64. निम्नलिखित में से राजस्थान के किन दो संभागों के अधीन जिलों की संख्या समान है–
(1) जोधपुर–बीकानेर (2) जयपुर–उदयपुर
(3) जोधपुर–उदयपुर (4) बीकानेर–जयपुर (3)

**व्याख्या–** उदयपुर सम्भाग व जोधपुर सम्भाग दोनों में 6–6 जिले शामिल है।

65. राजस्थान के जयपुर संभाग में जिलों की संख्या कितनी है–
(1) 4 (2) 5
(3) 3 (4) 6 (2)

**व्याख्या–** जयपुर संभाग में जयपुर, अलवर, दौसा, सीकर व झुंझुनूं जिले शामिल हैं।

66. निम्न में से कौनसा जिला जोधपुर संभाग में शामिल नहीं है–
(1) नागौर (2) जालौर
(3) सिरोही (4) पाली (1)

**व्याख्या–** नागौर जिला अजमेर संभाग में शामिल है।

67. निम्न में से कौनसी तहसील राजस्थान के दक्षिणतम भाग में स्थित है–
(1) कुशलगढ़ (2) घाटोल
(3) बागीदोरा (4) गढ़ी (1)

68. राजस्थान में सबसे उत्तरी दिशा में स्थित गाँव है–
(1) हिन्दुमलकोट (2) डबवाली
(3) संगरिया (4) कोणा गाँव (4)

69. रेडक्लिफ रेखा की कुल लम्बाई का कितना प्रतिशत भाग राजस्थान को स्पर्श करता है?
(1) 32.19 प्रतिशत (2) 18.07 प्रतिशत
(3) 25.04 प्रतिशत (4) 9.18 प्रतिशत (1)

**व्याख्या–** रेडक्लिफ रेखा की कुल लम्बाई 3323 किमी है जिसमें से 1070 किमी राजस्थान को स्पर्श करती है, जो रेडक्लिफ रेखा की कुल लम्बाई का 32.19 प्रतिशत है।

70. राजस्थान व हरियाणा कितने किमी लम्बी अन्तर्राज्यीय सीमा साझा करते हैं?
(1) 877 किमी (2) 1278 किमी
(3) 1262 किमी (4) 1022 किमी (3)

71. राजस्थान की उत्तरप्रदेश के साथ लगने वाली सीमा की लम्बाई है–
(1) 1216 किमी (2) 877 किमी
(3) 1022 किमी (4) 677 किमी (2)

72. जिलों के क्षेत्रफल का कौनसा युग्म असुमेलित है?
(1) जैसलमेर– 38401 वर्ग किमी
(2) बीकानेर– 30247 वर्ग किमी
(3) बाड़मेर– 28387 वर्ग किमी
(4) जोधपुर– 17718 वर्ग किमी (4)

**व्याख्या–** जोधपुर जिला क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का चौथा बड़ा जिला है। जोधपुर जिले का क्षेत्रफल 22850 वर्ग किमी है।

73. किस जिले के भाग को पृथक कर नये बारां जिले का निर्माण किया गया था?
(1) झालावाड़ (2) कोटा
(3) बूंदी (4) सवाईमाधोपुर (2)

74. किस जिले के भाग को पृथक कर नये राजसमंद जिले का निर्माण किया गया था?
(1) भीलवाड़ा (2) चित्तौड़गढ़
(3) अजमेर व पाली (4) उदयपुर (4)

**व्याख्या–** 10 अप्रैल 1991 को मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के कार्यकाल में राजस्थान में 3 नये जिलों का गठन किया गया था, इन जिलों को क्रम देते समय अंग्रेजी अल्फाबेट के अनुसार बारां को 28 वाँ, दौसा को 29 वाँ तथा राजसमंद को 30 वाँ क्रम दिया गया।

75. राजस्थान में संभागीय व्यवस्था का प्रारम्भ किस मुख्यमंत्री के समय हुआ था?
(1) मोहनलाल सुखाड़िया (2) हीरालाल शास्त्री
(3) हरिदेव जोशी (4) जयनारायण व्यास (2)

76. किस मुख्यमंत्री के समय राजस्थान में संभागीय व्यवस्था बंद कर दी गई थी?
(1) हरिदेव जोशी (2) मोहनलाल सुखाड़िया
(3) भैरोंसिंह शेखावत (4) हीरालाल शास्त्री (2)

77. राजस्थान का 26वाँ जिला है–
(1) जयपुर (2) धौलपुर
(3) बारां (4) अजमेर (4)

व्याख्या– 1 नवम्बर 1956 को राजस्थान एकीकरण के अंतिम चरण में अजमेर मेरवाड़ा को राजस्थान में शामिल किया गया, उसी दिन इसे राजस्थान का 26वाँ जिला बना दिया गया।

78. राजस्थान में संभागीय व्यवस्था कब पुनः प्रारम्भ की गई?
(1) 26 जनवरी 1982 (2) 26 जनवरी 1992
(3) 26 जनवरी 1987 (4) 26 जनवरी 1984 (3)

व्याख्या– 26 जनवरी,1987 को मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी के समय संभागीय व्यवस्था को पुनः प्रारम्भ की गई थी।

79. निम्न में से किस जिले का आकार तिलक (टीका) के समान है?
(1) चुरू (2) दौसा
(3) धौलपुर (4) राजसमंद (4)

80. राजस्थान के वे दो जिले, जो भौगोलिक रूप से दो भागों में बंटे हुए हैं–
(1) अजमेर व नागौर (2) करौली व धौलपुर
(3) अजमेर व चित्तौड़गढ़ (4) चित्तौड़गढ़ व कोटा (3)

81. राजस्थान के भरतपुर, दौसा, अजमेर,टोंक जिलों का पश्चिम से पूर्व दिशा की अनुसार सही सुव्यवस्थित युग्म है–
(1) भरतपुर, दौसा, टोंक, अजमेर
(2) टोंक, अजमेर, दौसा, भरतपुर
(3) अजमेर, टोंक, दौसा, भरतपुर
(4) अजमेर, टोंक, भरतपुर, दौसा (3)

82. राजस्थान में किस मुख्यमंत्री के कार्यकाल में सर्वाधिक नये जिलों का निर्माण हुआ है?
(1) भैरोंसिंह शेखावत (2) अशोक गहलोत
(3) वसुंधरा राजे (4) शिवचरण माथुर (1)

व्याख्या– मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के कार्यकाल में 5 नये जिलों का निर्माण हुआ। इनमें बारां, दौसा, राजसमंद, हनुमानगढ़ व करौली शामिल हैं।

83. राजस्थान के किस जिले का आकार लगभग धनुषाकार है?
(1) पाली (2) धौलपुर
(3) प्रतापगढ़ (4) दौसा (4)

84. निम्न में से राजस्थान के अन्तर्वती जिलों (जिनकी सीमा किसी पड़ौसी देश या राज्य से नहीं लगती है) का सही युग्म है?
(1) नागौर, जोधपुर, राजसमंद, उदयपुर
(2) पाली, नागौर, भीलवाड़ा, राजसमंद
(3) राजसमंद, पाली, सिरोही, जालौर
(4) जोधपुर, नागौर, पाली, राजसमंद (4)

85. मध्यप्रदेश को स्पर्श करने वाले राजस्थान के जिलों में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा जिला है?
(1) करौली (2) बारां
(3) धौलपुर (4) प्रतापगढ़ (3)

86. $23^{o}30$ उत्तरी अक्षांश रेखा व $70^{o}$ पूर्वी देशान्तर रेखाएँ राजस्थान के क्रमशः किन जिलों से होकर गुजरती हैं?
(1) धौलपुर व गंगानगर (2) बाँसवाड़ा व जैसलमेर
(3) गंगानगर व जैसलमेर (4) बाँसवाड़ा व धौलपुर (2)

87. राजस्थान का मध्यवर्ती संभाग है?
(1) जयपुर संभाग (2) भरतपुर संभाग
(3) अजमेर संभाग (4) कोटा संभाग (3)

88. जोधपुर संभाग में जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला है?
(1) जोधपुर (2) जैसलमेर
(3) बाड़मेर (4) पाली (1)

व्याख्या– जोधपुर संभाग में जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला जोधपुर व सबसे छोटा जिला जैसलमेर है।

89. राजस्थान के किस संभागीय आयुक्त को 'जनजाति क्षेत्रीय आयुक्त' का अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है?
(1) जोधपुर संभागीय आयुक्त
(2) कोटा संभागीय आयुक्त
(3) बीकानेर संभागीय आयुक्त
(4) उदयपुर संभागीय आयुक्त (4)

90. राजस्थान के किस संभागीय आयुक्त को 'सिंचित क्षेत्र विकास आयुक्त' का अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है?
(1) जोधपुर संभागीय आयुक्त
(2) कोटा संभागीय आयुक्त
(3) बीकानेर संभागीय आयुक्त
(4) उदयपुर संभागीय आयुक्त (2)

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा– 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–







**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**